हम छोटी छोटी कंज़कें मईया, आए तेरे द्वार,

हम छोटी छोटी कंज़कें

हम, छोटी छोटी कंज़कें ॥
मईया आए तेरे द्वार,
दे दे, थोड़ा प्यार मईया, दे दे थोड़ा प्यार x॥ -II

छोटे छोटे, पाँव से माँ, तेरे दर पे आऊँ,
छोटे छोटे, हाथों से माँ, तेरी ज्योत जगाऊँ ॥
रंग बिरंगे, फ़ूलों से ॥ सजाऊँ दरबार,
दे दे, थोड़ा प्यार मईया, दे दे थोड़ा प्यार x॥
हम, छोटी छोटी कंज़कें ॥ मईया...

लाल चूड़ियाँ, लाल ही टिक्का, लाल चुनरिया चमके,
लाल भवन और, लाल ही झंडे, ज्योत नूरानी दमके ॥
माँ, कितनी प्यारी लागे ॥ कितना सुंदर है श्रृंगार,
दे दे, थोड़ा प्यार मईया, दे दे थोड़ा प्यार x॥
हम, छोटी छोटी कंज़कें ॥
मईया...

जय जय, ज्योतां वाली माँ, जय जय, लाटां वाली माँ,
जय जय, शेरां वाली माँ, जय जय, मेहरां वाली माँ ॥
जयकारा... शेरोँ वाली का...
बोल, साचे दरबार की जय ।
ओ माई मेरी, सच्चियाँ,
ज्योतां, वाली माता...
तेरी, सदा ही जय ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34282/title/hum-chhoti-chhoti-kanzken-aaye-ter-dwar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |